टीका लगाए जाएंगे।

अभियान के सघन प्रचार-प्रसार के तहत स्कूली बच्चे वैक्सीनेशन दूत का कार्य करेंगे। वे अपने परिवारजनों को संदेश के माध्यम से वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा अन्य विविध गतिविधियां जनजागरूकता के लिए आयोजित की जाएंगी। वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट रहेंगे। घर-घर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रण पत्रों का वितरण होगा।

## ऑनलाइन बुकिंग आवश्यक नहीं

अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को टीकाकरण के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक नहीं है, केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाली आइडी के आधार पर सीधे टीकाकरण किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी प्रतिष्ठानों, दुकान मालिकों से आग्रह किया है कि उनके प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले कर्मचारियों को आधे दिवस का अवकाश दें ताकि वे अपना वैक्सीनेशन करवा सकें।

## नाश्ते के बाद ही टीका लगवाए

खाली पेट टीका नहीं लगवाएं। प्रत्येक व्यक्ति भोजन अथवा नाश्ता लेने के पश्चात ही टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीका लगवाए।

## बालिकाओं ने निकाली रैली

**सैलाना।** टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सोमवार से होगा। इसके पहले रविवार शाम को तहसीलदार कैलाश डामोर, सीएमओ जेपी गुप्ता, थाना प्रभारी शिवमंगलसिंह सेंगर, सब इंस्पेक्टर मनोज पाटीदार आदि की उपस्थिति में बालिका वालेंटियर ने नगर परिषद से पैदल रैली निकाली। यह रैली नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए वापस नगर परिषद पहुंची। रैली में शामिल सभी अधिकारियों तथा बालिका वालेंटियर ने नगरवासियों से टीकाकरण कराने का आह्वान किया।

## रैली के बाद हुई बैठक

**नामली।** महा टीकाकरण अभियान को लेकर रविवार को अधिकारियों ने जागरूकता रैली निकाली। एसडीएम एमएल आर्य, तहसीलदार मुकेश सोनी, नप सीएमओ केशवसिंह सगर, पटवारी जितेंद्र कुमार अवस्थी आदि रैली में शामिल हुए। रैली के बाद अधिकारियों ने चंद लोगों को नगर परिषद सभाकक्ष में बुलाकर जागरूकता का संदेश दिया।

## कोताही नहीं बरतने की हिदायत

**करिया।** टीकाकरण महाअभियान को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सैलाना एसडीएम कामनी ठाकुर ने टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उपस्थित पंचायत अमले को निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति और टीकाकरण केंद्र की व्यवस्था में कोताही नहीं बरतने की हिदायत दी। सहायक सचिव लखन कमोडिया ने बताया कि महाअभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत अमले द्वारा डोर टू डोर आमंत्रण पत्र देकर टीका लगवाने का अनुरोध किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका का सहयोग रहा। तहसीलदार कैलाशचंद्र डामोर आदि उपस्थित थे।



आलोट में रैली निकालकर लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया गया। • नईदुनिया



बाजना में रैली के माध्यम से जागरूक करते हुए अधिकारी-कर्मचारी। • नईदुनिया



रावटी में निकली जागरूकता रैली में शामिल अधिकारी-कर्मचारी। • नईदुनिया

## घर-घर जाकर दिए पीले चावल

**आलोट।** टीकाकरण महा अभियान की शुरुआत सोमवार से होगी। इसके पूर्व प्रशासन द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रविवार तहसील कार्यालय में विधायक मनोज चावला, जनपद अध्यक्ष कालूसिंह परिहार, एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में खंड स्तरीय क्राइसिस समिति की बैठक हुई, वहीं नगर परिषद डा. आंबेडकर भवन में नगर क्राइसिस समिति के सदस्यों की बैठक एसडीएम द्वारा ली गई। दोनों बैठकों में टीकाकरण के महा अभियान को सफल बनाने के लिए समिति सदस्यों से आह्वान किया गया। साथ ही नगर के टीकाकरण केंद्रों की जानकारी भी दी गई।


बैठक के पश्चात पुलिस थाना परिसर आलोट से जन अभियान परिषद के सदस्यों की वाहन रैली के साथ क्राइसिस समिति के सदस्यों ने पैदल मार्च कर लोगों से वैक्सीन लगवाने की अपील की। वार्ड के पूर्व पार्षद व समिति सदस्य घर-घर जाकर टीकाकरण के लिए पीले चावल दे रहे हैं।

## घर-घर जाकर दिया आमंत्रण

**धामनोद।** कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे वैक्सीनेशन महाअभियान अंतर्गत नागरिकों को जागरूक करने के लिए एसडीएम एमएल आर्य एवं सीएमओ केएस सगर के नेतृत्व में वाहन रैली निकाली गई। इसमें नगर परिषद के पूर्व पार्षद, वार्ड वार आपदा प्रबंधन समूह के पदाधिकारी, नगर के वैक्सीन प्रेरक व कर्मचारी शामिल हुए।

नगर परिषद से प्रारंभ होकर रैली सदर बाजार, आजाद चौक, टंकी चौराहा, रतलाम-सैलाना मुख्य मार्ग होते हुए गांधी चौक पहुंची। इसके माध्यम से अधिकारियों द्वारा धामनोद के नागरिकों से शत-प्रतिशत टीकाकरण कराकर अपने जीवन को सुरक्षित किए जाने की अपील की गई। साथ ही संपूर्ण नगर में महाअभियान से संबंधित पोस्टर-बैनर चौराहों पर लगाए गए। आपदा प्रबंधन समूह के पदाधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए गए। नागरिकों से महा अभियान में सहयोग करने की अपील की गई।

धामनोद में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र देती हुई कर्मचारी। • नईदुनिया






## रैली निकालकर किया जागरूक

**बाजना।** ग्राम में टीकाकरण जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अमले ने गांव भ्रमण कर लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया। ग्राम स्तर पर भी बीएलओ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम सचिव द्वारा घर-घर जाकर टीकाकरण करवाने का निमंत्रण दिया जा रहा है।

## टीकाकरण करवाने पर मिलेगा पुरस्कार

**रावटी।** ग्राम में टीकाकरण महा अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग डा. पीयूष मांगलिया ने बताया कि ग्राम के पांच से अधिक व्यक्ति को टीकाकरण शिविर में लाने वालों को शासन द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सैलाना एसडीएम कामनी ठाकुर, थाना प्रभारी टीआइ लोकेंद्रसिंह आदि मौजूद रहे।

# आज टीकायोग : सेहत-जिंदगी का डोज, रखेगा निरोग

पत्रिका डे-स्पेशल मंडे मेगा स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में टीकाकरण के महा अभियान की सोमवार से शुरुआत होने जा रही है। इसके तहत प्रतिदिन औसतन 150 सत्र आयोजित किए जाएंगे। पूरे जिले में 152 टीकाकरण केंद्र बनाए गए है। शहर में 52 केंद्र वार्डवार बनाए गए हैं। अभियान के पहले दिन 30 डोज के साथ इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके बाद शेष दिवसों में 20 हजार डोस प्रतिदिन लगाए जाएंगे। अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राही को टीकाकरण के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक नहीं है। केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी के आधार पर सीधे टीकाकरण किया जाएगा।

अभियान को लेकर रविवार को दिनभर तैयारियो का दौर चलता रहा। जिले के सभी कोल्ड चेन सेंटर से विकासखंड से आई टीमें अपने हिस्से के टीके लेकर जाती नजर आई। हालांकि इतने बड़े अभियान का काम भी शांति पूर्ण तरीके से होता नजर आया। जिला अस्पताल में टीके लेने के लिए अन्य विकासखंडों से टीमें एक-एक करके आई और अपने वाहनों में टीके लेकर गई। वहीं दूसरी और अभियान को सफल बनाने एवं शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के उद्देश्य से रविवार को वार्ड 11 में क्रायसिस मेनेजमेंट ग्रुप संयोजक संतोष लालवानी के साथ ही प्रफुल्ल पंवार, बलराम भट्ट, कुलदीप सोलंकी सहित अन्य ने घर-घर जाकर पत्रक वितरित कर वैक्सीनेशन सेंटर आकर वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया।




## यह व्यवस्था भी की

- घर-घर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रण पत्र वितरण।
- जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 1075 के माध्यम से प्रत्येक घंटे टीकाकरण की निगरानी।
- गतिविधियों के फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड होंगे।
- अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए स्कूली बच्चे बनेंगे वैक्सीनेशन दूत।
- वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट रहेंगे।

### रतलाम जिला

8 - तहसील
6 - ब्लॉक
16.55 - लाख जनसंख्या
418 - ग्राम पंचायत
1337 - आशा कार्यकर्ता
83 - आशा सहयोगिनी
2104 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

## अब तक किया गया टीकाकरण

| | पहला डोज | | दूसरा डोज | |
|---|---|---|---|---|
| हितग्राही | लक्ष्य | टीके लगे | लक्ष्य | टीके लगे |
| एचसीडब्ल्यू | 8233 | 7636 | 7636 | 5567 |
| एफएल डब्ल्यू | 8748 | 8748 | 8748 | 5340 |
| 18 से 44 वर्ष | 717052 | 71566 | 71566 | 1706 |
| 45 से 60 वर्ष | 244387 | 77381 | 77381 | 9115 |
| 60 वर्ष से अधिक | 139473 | 51766 | 51766 | 16721 |
| कुल | 1117893 | 217097 | 217097 | 38449 |

## टीकाकरण की आज ऐसी रहेगी व्यवस्था

152 - कुल केंद्र
52 - केंद्र शहर में
100 - केंद्र ग्रामीण अंचल में
60 हजार - रतलाम शहर में
20 हजार -रतलाम ग्रामीण
30 हजार - जावरा तथा पिपलौदा
20 हजार - आलोट तथा ताल
20 हजार बाजना तथा सैलाना
1.50 लाख - कुल टीके
7 - दिनों तक चलेगा अभियान

**1117893** 18 प्लस के कुल हितग्राही

**217097** पहला डोज लगा

**19.42** प्रतिशत पहला डोज लगा

**217097** दूसरा डोज लक्ष्य

**38449** दूसरा डोज लगा

**17.71** प्रतिशत को दूसरा डोज लगा

**प्रथम दिन शहर में 17 हजार टीके लगाए जाएंगे-** महा अभियान के प्रथम दिवस शहर में 17000 टीके लगाए जाएंगे। रतलाम ग्रामीण में 5500, सैलाना में 3200, बाजना में 1800, आलोट में 5000 तथा जावरा व पिपलोदा में संयुक्त रूप से 8000 टीके लगाए जाएंगे।

## जनप्रतिनिधियों ने टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने को कहा

सांसद गुमानसिंह डामर ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को टीका लगवाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। देश में इन दिनों कोरोना के तीसरे दौर की चर्चा हो रही है, इसलिए एक कवच के रूप में टीकाकरण कराना आवश्यक है।

ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने समाज के प्रति जवाबदेही और अनुशासन के साथ जागरूकता का पालन करने से टीकाकरण के बाद कोरोना की तीसरी लहर में भी जीत हासिल होने का विश्वास जताया है।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने 21 जून को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शहरवासियों से कोरोना की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। विधायक काश्यप ने बताया कि योगदिवस पर टीकाकरण के महाअभियान की शुरूआत हो रही है। वर्तमान परिस्थितियों में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में कोरोना के दूसरे दौर को जीतकर आगे निकला है और इस जीत को भविष्य में भी स्थाई रखने का एक ही उपाय टीकाकरण है।

जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों से टीकाकरण महाअभियान को एक उत्सव के रूप में लेकर अधिक से अधिक टीका लगवाने के लिए कहा है। इधर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## वैक्सीनेशन पर एक नजर

| वैक्सीन | पहला डोज | दूसरा डोज | कुल |
|---|---|---|---|
| कोवीशिल्ड | 196052 | 29049 | 225101 |
| को वैक्सीन | 21045 | 9400 | 30445 |
| कुल | 217097 | 38449 | 255546 |



# वैक्सीनेशन जनजागरूकता हेतु फ्लैग मार्च निकला

## शहरवासियों को दिया टीकाकरण का संदेश

रतलाम। वैक्सीनेशन के लिए 21 जून से चलाया जा रहे विशेष अभियान के तहत लोगों को अभियान के प्रति जनजागरूक करने तथा अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने के लिए शनिवार को रतलाम जिला मुख्यालय पर फ्लैग मार्च निकाला गया। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी एवं जिला अधिकारियों द्वारा जनजागरूकता फ्लैग मार्च के माध्यम से नागरिकों को वैक्सीनेशन अभियान की जानकारी दी गई तथा वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया गया।

नवीन कलेक्ट्रेट भवन परिसर से प्रारंभ हुआ फ्लैग मार्च महू रोड, कॉन्वेंट स्कूल तिराहा, आनंद कॉलोनी, शैरानीपुरा, मोचीपुरा, बाजरिया बाजार, बिचलावास, हरमाला रोड, घास बाजार, चौमुखीपुल, अनाज मंडी क्षेत्र, दीनदयाल नगर, सागोद रोड, डोंगरे

# महाभियान के तहत रतलाम जिले में 152 केंद्रों पर होगा टीकाकरण

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**



टीकाकरण महाभियान के तहत जिले में 152 टीकाकरण केंद्र बनाए गए है। प्रथम दिन 30 हजार डोज लगाए जाएंगे, तत्पश्चात के दिवसों में 20 हजार डोज प्रतिदिन लगाए जाएंगे। इस अभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को आनलाइन बुकिंग करवाना आवश्यक नहीं है, केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी के साथ टीकाकरण केंद्र पहुंचना होगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के आलोट तथा ताल में 20 हजार, बाजना तथा सैलाना में 20 हजार, जावरा तथा पिपलोदा में 30 हजार, रतलाम ग्रामीण में 20 हजार तथा रतलाम शहर में 60 हजार टीके लगाए जाएंगे। अभियान के तहत डेढ़ लाख टीके लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि टीकाकरण दिवस पर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 1075 के माध्यम से प्रत्येक घंटे में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी की जाएगी। अभियान के सघन प्रचार-प्रसार के तहत स्कूली बच्चे टीकाकरण दूत का कार्य करेंगे। वें अपने परिवारजनों को संदेश के माध्यम से टीकाकरण हेतु प्रेरित करेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान कलेक्टर द्वारा जिले में कोरोना के संक्रमण की स्थिति, अब तक किए गए टीकाकरण की संख्या तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जानकारी दी गई। विशेष अभियान के तहत लोगों को अभियान के प्रति जनजागरूक करने तथा अधिक से अधिक टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के लिए शनिवार को जिला मुख्यालय पर फ्लैग मार्च निकला गया तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया।

# अटल उद्यान का सीमांकन कराकर पौधारोपण

रतलाम। मिनी स्मार्ट सिटी के तहत ऊंकाला रोड सड़क निर्माण कार्य, करमदी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पलसोड़ा स्थित सिटी ट्रांसपोर्ट स्थल का निरीक्षण कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व निगम अधिकारियों के साथ किया। ऊंकाला रोड सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर संबंधित आर्यावत कंसट्रक्शन को निर्माण कार्य 15 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पाइप लाइन आदि अन्य कार्य भी करने को कहा गया। कलेक्टर ने सीवरेज एसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर सीवरेज सिस्टम शीघ्र प्रारंभ करने, ट्रेंचिंग ग्राउंड में विकसित किए गए अटल उद्यान का सीमांकन कराकर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। नगर कार्यालय की वर्कशाप को पलसोड़ा स्थित सिटी ट्रांसपोर्ट की भूमि में स्थानांतरित किए जाने हेतु स्थल का निरीक्षण किया गया।



एसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर जानकारी लेते कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

**विशेष** सुप्रीम कोर्ट से निराकरण या दोबारा रोटेशन आरक्षण ही विकल्प

# नगरीय निकाय चुनाव में कानूनी पेंच है सबसे बड़ी अड़चन

**खिलावन चंद्राकर**

**भोपाल 20 जून . कोरोना की दूसरी लहर बीत जाने के बाद अब प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है . कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही पार्टियों ने इस चुनावों के मद्देनजर अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है .**

महापौर अध्यक्ष और पार्षद पद पर चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक लोग अभी से सक्रिय हो गए हैं ,हालांकि अभी इन चुनावों की तिथि घोषित होने में कानूनी पेंच बड़ी अड़चन के रूप में सामने है . मध्य प्रदेश में 344 नगरीय निकाय में चुनाव लगभग डेढ़ साल से टल रहे है . इन नगरीय निकायों में 16 नगर निगम भी शामिल है . दिसंबर 2019 और जनवरी 2020 में सभी नगर निगम , नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत का कार्यकाल समाप्त हो गया था , तभी से जनप्रतिनिधियों के स्थान पर प्रशासनिक अधिकारियों को संबंधित निकाय के प्रशासक नियुक्त कर उनके हाथों में नगर सरकार का कामकाज सौंपा गया है . इस बीच शेष बचे 51 नगरीय निकाय के कार्यकाल भी इसी साल दिसंबर तक समाप्त होने वाले है . सरकार भी समझती है कि जनप्रतिनिधियों के दबाव के कारण इस चुनाव को लंबे समय तक नहीं टाला जा सकता . अभी तक कोरोना संक्रमण काल का हवाला देकर इसे टाला जा रहा था . लेकिन मूल बात यह है कि पूरा मामला कानूनी दांवपेंच के भंवर जाल में फंसकर रह गया है . महापौर और अध्यक्ष पद के आरक्षण को लेकर ग्वालियर हाई कोर्ट का नगरी निकाय चुनाव पर स्थगन है . नए सिरे से आरक्षण के स्थान पर सरकार हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा चुकी है . जहां से हाल-फिलहाल




कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है . ऐसी दशा में नगरीय निकाय चुनाव कब घोषित होंगे , इसमें अभी संशय बरकरार है . दरअसल इन चुनावों को लेकर ग्वालियर में अधिवक्ता मनवर्धन सिंह तोमर ने हाई कोर्ट की ग्वालियर बैंच में एक जनहित याचिका दायर की थी जिसमें यह कहा गया था कि राज्य सरकार द्वारा नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों के लिए 10 व 11 दिसंबर 2020 को जारी आरक्षण अधिसूचना में रोटेशन का पालन नहीं किया गया है . याचिकाकर्ता ने उदाहरण देते हुये कहा कि सरकार ने दो नगर निगम और 79 नगर पालिका व नगर पंचायतों को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया है लेकिन मुरैना व उज्जैन नगर निगम के महापौर का पद वर्ष 2014 में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित था और उसे इस बार भी इन्हीं सीटों के लिए आरक्षित रखा गया है . ऐसा ही अन्य नगर पालिका व नगर पंचायतों में किया गया है .जिससे इन पदों पर अन्य वर्ग के लोग चुनाव नहीं लड़ पाएंगे . इसमें बदलाव किया जाना चाहिए . इस याचिका पर विस्तार से सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने नगरी निकाय चुनाव के निर्वाचन प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी और सरकार से कहा था कि आरक्षण की पूरी प्रक्रिया फिर फिर से करें . हाईकोर्ट के इस फैसले को प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है जहां अभी इसकी सुनवाई चल रही है . अत्यावश्यक मामला नहीं होने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना काल को देखते हुए अभी इस पर सुनवाई लंबित रखी है .

अब जब तक इस अपील का निराकरण नहीं हो जाता या राज्य सरकार दोबारा रोटेशन करने को तैयार नहीं हो जाती, फिलहाल चुनावों को लेकर संशय बना ही रहेगा . इस बीच यदि कोरोना की तीसरी लहर में ज्यादा संक्रमण की स्थिति बनती है तब भी इस चुनाव को स्थगित ही रखा जा सकता है . मध्यप्रदेश में स्थानीय शासन में लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम रखने के लिए निकाय चुनाव जरूरी है . नगर सरकार लंबे समय तक प्रशासनिक अधिकारियों के हाथों में रहने से न सिर्फ विकास कार्य प्रभावित होते है बल्कि जरूरी नागरिक सुविधाओं को बाहर रखने और बेहतर बनाने की दिशा में भी प्रभावी कार्य नहीं होते .

**बोले दो दिन में काम हो, नहीं तो काट देंगे रुपए**

# घांस बाजार व चौमुखी पुल पहुंचे आयुक्त

पत्रिका
सिटी इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को देखने के लिए दल बल के साथ नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सड़कों पर निकले। दोपहर 1 बजे बाद हुए इस निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने घांस बाजार, चौमुखीपुल सहित विभिन्न क्षेत्र में निरीक्षण किया। इस दौरान काम की गति धीमी होने पर सीवरेज कंपनी के अधिकारियों को साफ कहा कि दो दिन में कार्य पूरा नहीं हुआ तो वेतन काट दिया जाएगा।

सबसे पहले निगम आयुक्त झारिया घांस बाजार पहुंचे। यहां पर ड्रेनेज के हो रहे काम को देखा। इस काम को तेज गति से पूरा करने के लिए दो दिन की मोहलत दी। आयुक्त ने कहा कि दो दिन में काम पूरा किया जाए, जिससे आमजन को यातायात की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। दो दिन में काम नहीं हुआ तो वेतन काटा जाएगा। इसी प्रकार चौमुखीपुल क्षेत्र में हर मानसून में आने वाली तेज बारिश से जलजमाव के हालात होते है, इस बार ऐसा नहीं हो इस पर ध्यान देने को कहा। इसके लिए पानी की बेहतर निकासी करने के लिए काम को तेज गति से करने का कहा गया।



## बैरिकेट्स लगाएं

हरमाला रोड स्थित नाले के निरीक्षण के दौरान नाले की मजबूत दीवार बनाने को कहा। इसी दौरान नाले में सड़े व गले हुए फल बहते नजर आए। इस पर इस प्रकार के लोगों पर कार्रवाई करने को कहा गया। इस दौरान सीवरेज कंपनी के ठेकेदार, सुपरवाइजर को काम के दौरान बैरिकेट्स लगाने को कहा। निरीक्षण के दौरान सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

पत्रिका।

# सड़क की गुणवत्ता जांचने के लिए कलेक्टर ने समिति बनाई

## जांच कर समिति 7 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी


### सिर्फ एक महीने में ही खराब हो गई सड़क

भास्कर संवाददाता | रतलाम

एक महीने पहले त्रिवेणी में बनी सड़क की गुणवत्ता की जांच होगी। इसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दो सदस्यीय समिति का गठित की है। समिति में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपेश गुप्ता तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री अनूप मिश्रा को लिया है। यह समिति सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करेगी और विस्तृत जांच कर अपना प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगी। ताकि सड़क निर्माण में गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई हो सके।



त्रिवेणी में लॉकडाउन के दौरान बनाई सड़क जो कई स्थानों पर अंगुली लगाने से ही उखड़ रही है।



19 जून को प्रकाशित खबर

गौरतलब है कि नगर निगम ने मुक्तिधाम से त्रिवेणी गेट तक डामर की सड़क एक महीने पहले बनवाई थी। लेकिन दो दिन पहले हुई पहली बारिश में यह उखड़ना शुरू हो गई है। रोड की स्थिति है कि कई जगह पर अंगुली लगाने से ही डामर निकल रहा है। इस पर दैनिक भास्कर ने यह मामला प्रमुखता से उठाया था। इस पर कलेक्टर ने जांच समिति का गठन किया है। समिति 7 दिन में सड़क की गुणवत्ता की जांच कर कलेक्टर के सामने प्रस्तुत करेगी ताकि गड़बड़ी सामने आ सके।


# सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांच के लिए समिति गठित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने त्रिवेणी मुक्तिधाम गेट तक निर्मित सड़क डामरीकरण की गुणवत्ता जांच के लिए 2 सदस्यीय समिति गठित की है। बताया गया है कि पहली बारिश में ही सड़क खराब होने की शिकायत प्राप्त हुई है। इससे प्रतीत होता है कि कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ है। कलेक्टर द्वारा गठित जांच समिति में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री दीपेश गुप्त तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री अनूप मिश्रा सम्मिलित है। समिति सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता आदि की विस्तृत जांच करके अपना प्रतिवेदन सात दिवस में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

# पहले दिन का लक्ष्य... सात हजार केंद्रों पर 10 लाख लोगों को लगेगा टीका

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में सोमवार से कोरोना टीकाकरण महाअभियान शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दतिया स्थित मां पीतांबरा पीठ में माता के दर्शन कर परासरी गांव जाएंगे और इसकी औपचारिक शुरुआत करेंगे। सात हजार केंद्रों पर एक साथ टीकाकरण होगा। सरकार ने पहले दिन 10 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा है और अभियान की निगरानी के लिए चुनाव जैसे प्रबंध किए हैं। इसके लिए 19 लाख डोज (टीका) आ चुके हैं, जो जिलों में भेजे गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने रविवार को मीडिया से चर्चा में यह जानकारी दी। इस मौके पर चिकित्सा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी मौजूद थे। सारंग ने बताया कि प्रत्येक टीकाकरण केंद्र पर पांच सदस्यीय दल रहेगा। इस तरह 35 हजार कर्मचारी एक साथ टीकाकरण करेंगे, जो रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि अभियान की निगरानी और समन्वय के लिए चुनाव जैसी तैयारी है। 1500 जोनल व सेक्टर अधिकारी बनाए हैं। प्रत्येक अधिकारी चार-पांच केंद्रों का दौरा करेगा और हर घंटे की रिपोर्ट तैयार होगी। अभियान पर नजर रखने के लिए हर जिले में एक कंट्रोल रूम बनाया है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार वैज्ञानिक तरीके से टीकाकरण कार्यक्रम चला रही है। अब 18 साल से अधिक उम्र वालों को भी निशुल्क टीकाकरण की सौगात दी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कोरोना संक्रमण रोकने का मॉडल सफल रहा, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को टीकाकरण कराने और कोरोना गाइडलाइन का पालन करने का संकल्प दिलाया जाएगा। जनता से अपील की जा रही है कि तीसरी लहर रोकना है तो सौ फीसद टीकाकरण करना होगा। इसलिए टीके लगवाएं।




## आज से टीकाकरण का महाअभियान

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दतिया के परासरी गांव से करेंगे शुरुआत
- सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में रहेंगे मौजूद, केंद्रीय मंत्री व सांसद भी होंगे शामिल



**7** हजार केंद्रों पर होगा टीकाकरण

**5** सदस्यीय दल हर केंद्र पर रहेगा मौजूद

**35** हजार कर्मचारी करेंगे टीकाकरण

**1500** जोनल व सेक्टर अधिकारी करेंगे निगरानी व समन्वय

**4-5** केंद्रों का प्रत्येक अधिकारी करेगा दौरा

दिव्यांग और बुजुर्गों को टीकाकरण केंद्र लाने और वापस छोड़ने की व्यवस्था

हर जिले में एक कंट्रोल रूम हर घंटे की रिपोर्ट बनेगी

### मुख्यमंत्री टीकाकरण के लिए करेंगे प्रेरित

सीएम दतिया स्थित पीतांबरा पीठ से परासरी जाएंगे, वहां शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे दोपहर में भोपाल स्थित अन्नानगर बस्ती में रहेंगे और शाम को बुधनी के ग्राम पिपलानी में लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करेंगे।

### सौंपी जिम्मेदारी, प्रभार के जिले संभालेंगे मंत्री

सभी मंत्रियों को प्रभार के जिलों में निगरानी की व्यवस्था सौंपी गई है। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दतिया, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव सागर, भूपेंद्र सिंह सीहोर, कमल पटेल हरदा, विश्वास सारंग भोपाल, डा. प्रभुराम चौधरी विदिशा और रायसेन, ओमप्रकाश सखलेचा नीमच सहित अन्य मंत्री अपने प्रभार या गृह जिलों में व्यवस्था संभालेंगे। उनके साथ विधायक, आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य और कोरोना वॉरियर्स भी रहेंगे।

**गेहलोत नागदा में रहेंगे मौजूद :** उन्होंने बताया कि अभियान के लिए प्रदेश के सभी सांसद, पुरस्कार प्राप्त हस्तियों और विभिन्न क्षेत्र के विद्वानों को आमंत्रित किया गया है। नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त कैलाश सत्यार्थी का वीडियो संदेश भी आ गया है। सारंग ने बताया कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मुरैना, थावरचंद गेहलोत नागदा, भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा भोपाल, कैलाश विजयवर्गीय इंदौर और ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर में उपस्थित रहेंगे।

### देश : 18 पार के सभी लोगों को निशुल्क लगाई जाएगी वैक्सीन

**नई दिल्ली** (ब्यूरो)। कोरोना वायरस के खिलाफ केंद्र सरकार की नई टीकाकरण नीति सोमवार से प्रभावी हो रही है। इस नई नीति के तहत केंद्र सरकार देश में वैक्सीन का उत्पादन करने वाली कंपनियों से उनके उत्पाद का 75 फीसद हिस्सा खरीदेगी और उसे राज्यों के निःशुल्क देगी। सरकार ने दिसंबर तक 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों (लगभग 90–95 करोड़) का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा है। इसके हिसाब से 180–190 करोड़ डोज लगाने की जरूरत पड़ेगी।

# कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान आज, तैयारियां पूर्ण

## अभियान के दौरान 152 केंद्रों पर लगाए जाएंगे डेढ़ लाख टीके

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

जिले में 21 जून से प्रारंभ हो रहे कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। अभियान का शुभारम्भ जिले के 152 वैक्सीनेशन केन्द्रों पर जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में उत्सवी माहौल में किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इस महाअभियान में लगे अमले को निर्देशित किया है कि इस अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के अधिकाधिक व्यक्तियों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें। वैक्सीनेशन के लिए उन्हें समझाईश दें। वैक्सीनेशन बूथ तक आने के लिए उन्हें प्रेरित करें और अधिक से अधिक लोगों को कोरोना का वैक्सीनेशन करवाएं। उन्होंने वैक्सीनेशन के लिए निर्धारित बूथ पर सभी इंतजाम पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिले में कोरोना के विरुद्ध टीकाकरण महा अभियान के दौरान प्रतिदिन औसतन 150 सत्र आयोजित किए जाएंगे। पूरे जिले में 152 टीकाकरण केंद्र बनाए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 52 केंद्र रहेंगे, वार्डवार केंद्र बनाए गए हैं।

वैक्सीनेशन महा अभियान के प्रथम दिवस रतलाम शहर में 17000 टीके लगाए जाएंगे। इसके अलावा रतलाम ग्रामीण में 5 हजार 500, सैलाना में 3200, बाजना में 1800, आलोट में 5000 तथा जावरा व पिपलोदा में संयुक्त रूप से 8000 टीके लगाए जाएंगे।

अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को कोविड-19 टीकाकरण के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक नहीं है, केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी के आधार पर सीधे टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण महाअभियान के दौरान जिले के आलोट तथा ताल में 20 हजार, बाजना तथा सैलाना में 20 हजार, जावरा तथा पिपलौदा में 30 हजार, रतलाम ग्रामीण में 20 हजार तथा रतलाम शहर में 60 हजार टीके लगाए जाएंगे।

## 21 जून से 6 जुलाई तक भाजपा मण्डलों में होंगे कई आयोजन



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

### विधायक काश्यप ने किया सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान

भारतीय जनता पार्टी 21 जून योग दिवस से 6 जुलाई डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती तक शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। मण्डल स्तर पर होने वाले इन आयोजनों की रूप रेखा पर विचार-विमर्श के लिए विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में बैठक हुई। इसमें श्री काश्यप ने मण्डल पदाधिकारियों से सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि 21 जून को योग दिवस से 6 दिवसीय टीकाकरण महाअभियान का वृहद् आयोजन शुरू होगा। इसमें पार्टी कार्यकर्ता 'मेरा बूथ-टीकाकरण युक्त' का लक्ष्य लेकर अधिक से अधिक शहरवासियों का टीकाकरण करवाए। भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से जन्म जयंती 6 जुलाई तक पौधारोपण के विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी तरह 25 जून को आपातकाल का काला दिवस मनाया जाएगा। 27 जून को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन होगा। इन सभी आयोजनों में आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता होनी चाहिए। श्री काश्यप ने कहा कि 21 जून को योग दिवस पर भी भाजपा के सभी मण्डलों में 2-2 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें पार्टी कार्यकर्ता व आमजन अधिक से अधिक शामिल हो। बैठक में मण्डल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयुर पुरोहित, कृष्णकुमार सोनी, आदित्य डागा, करण धीर्य बड़गोत्या, मण्डल महामंत्री हेमंत राहोरी, लोकेश जायसवाल एवं भाजपा आईटी सेल के प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल, मण्डल टीकाकरण प्रभारी अभय जैन, गौरव मूणत, डॉ. आशीष तिवारी उपस्थित रहे।

### कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

टीकाकरण दिवस पर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 1075 के माध्यम से प्रत्येक घंटे में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी की जाएगी। समस्त प्रकार की गतिविधियों के फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। अभियान के सघन प्रचार-प्रसार के तहत स्कूली बच्चे वैक्सीनेशन दूत का कार्य करेंगे। वे अपने परिवारजनों को संदेश के माध्यम से वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित करेंगे। इसके अलावा अन्य विविध गतिविधियां जनजागरूकता के लिए आयोजित की जाएगी। वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट रहेंगे। घर-घर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रण पत्रों का वितरण होगा।

### वैक्सीनेशन करवाने के लिए आधे दिवस अवकाश दे

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी प्रतिष्ठानों, दुकान मालिकों से आग्रह किया है कि उनके प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले वर्कर्स को आधे दिवस का अवकाश देवें ताकि वे अपना वैक्सीनेशन करवा सकें। बताया गया है कि खाली पेट टीका नहीं लगवाए। प्रत्येक व्यक्ति भोजन अथवा नाश्ता लेने के पश्चात ही टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीका लगवाए।

## विधायक काश्यप का आह्वान– टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाए

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने 21 जून को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी शहरवासियों से कोरोना की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि योगदिवस पर टीकाकरण के महाअभियान की शुरूआत हो रही है। वर्तमान परिस्थितियों में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में कोरोना के दूसरे दौर को जीतकर आगे निकला है और इस जीत को भविष्य में भी स्थाई रखने का एक ही उपाय टीकाकरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी देशवासियों को निःशुल्क टीका लगवाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। देश में इन दिनों कोरोना के तीसरे दौर की चर्चा हो रही है, इसलिए एक कवच के रूप में टीकाकरण कराना आवश्यक है। श्री काश्यप ने समाज के प्रति जवाबदेही और अनुशासन के साथ जागरूकता का पालन करने से कोरोना की तीसरी लहर में भी जीत हासिल होने का विश्वास जताया है। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों से टीकाकरण महाअभियान को एक उत्सव के रूप में लेकर अधिक से अधिक टीका लगवाने एवं इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

## विधायक काश्यप का आह्वान- टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाए

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने 21 जून को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी शहरवासियों से कोरोना की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि योगदिवस पर टीकाकरण के महाअभियान की शुरूआत हो रही है। वर्तमान परिस्थितियों में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में कोरोना के दूसरे दौर को जीतकर आगे निकला है और इस जीत को भविष्य में भी स्थाई रखने का एक ही उपाय टीकाकरण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी देशवासियों को निःशुल्क टीका लगवाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। देश में इन दिनों कोरोना के तीसरे दौर की चर्चा हो रही है, इसलिए एक कवच के रूप में टीकाकरण कराना आवश्यक है। श्री काश्यप ने समाज के प्रति जवाबदेही और अनुशासन के साथ जागरूकता का पालन करने से कोरोना की तीसरी लहर में भी जीत हासिल होने का विश्वास जताया है।

उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों से टीकाकरण महाअभियान को एक उत्सव के रूप में लेकर अधिक से अधिक टीका लगवाने एवं इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

## 116 दिन बाद एक भी नया संक्रमित नहीं

रतलाम। जिले में लगातार कोरोना के नए मरीजों की संख्या कम होती जा रही हैं। चार माह बाद जून माह के 20वें दिन रविवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। इसके पहले फरवरी माह के चार दिनों में एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया था। मार्च में फिर नए संक्रमितों की संख्या बढ़ना शुरू हुई थी, जो अप्रैल और मई में 300 के पार पहुंच गई थी। आठ मई को अब तक के सर्वाधिक 398 नए पाजिटिव केस सामने आए थे।

अप्रैल-मई माह में बेकाबू कोरोना पर जून माह में काफी हद तक काबू पा लिया गया है। नए संक्रमितों की संख्या लगातार घटती जा रही है। रविवार को एक भी नया केस सामने नहीं आने से शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासियों ने राहत महसूस की। आठ मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 152 है। जिले में अब तक 17465 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17002 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

## वैक्सीनेशन जनजागरूकता हेतु फ्लैग मार्च निकला

रतलाम। वैक्सीनेशन के लिए 21 जून से चलाया जा रहे विशेष अभियान के तहत लोगों को अभियान के प्रति जनजागरूक करने तथा अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने के लिए शनिवार को रतलाम जिला मुख्यालय पर फ्लैग मार्च निकला गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी एवं जिला अधिकारियों द्वारा जनजागरूकता फ्लैग मार्च के माध्यम से नागरिकों को वैक्सीनेशन अभियान की जानकारी दी गई तथा वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्ट्रेट भवन से प्रारंभ हुआ फ्लैग मार्च प्रमुख मार्गों से गुजरा। रास्ते में नागरिकों से महा अभियान को सफल बनाने की अपील की गई।

# स्वयं लगवाएं, दूसरों को प्रेरित करें: सीएम

## प्रदेशवासियों को संबोधित कर कहा- कोरोना के खिलाफ प्रभावी अस्त्र है टीकाकरण

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर अब थम चुकी है। जनजीवन सामान्य हो चला है। बाजार खुल गए हैं। रौनक लौट रही है। दूसरी लहर के बाद तीसरी लहर का भी खतरा है। संकट अभी टला नहीं है। वायरस अभी मौजूद है। दुनिया के अनेक देशों में हमने देखा है कि दूसरी के बाद तीसरी और चौथी लहर भी आई है। तीसरी लहर को रोकने का प्रभावी अस्त्र टीकाकरण है। स्वयं भी टीका लगवाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। टीका कोरोना से सुरक्षा प्रदान करेगा। अव्वल तो कोरोना होगा नहीं और यदि हुआ तो रोग प्रतिरोधक क्षमता इतनी होगी कि वो लड़कर जिंदगी बचा लेगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों को संबोधित कर कही।


उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को नियंत्रित करने के लिए टीकाकरण के साथ-साथ अन्य स्तर पर भी प्रचार होंगे। प्रतिदिन 75-80 हजार जांच की जाएंगी ताकि संक्रमित व्यक्ति का समय पर पता चल जाए। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने वालों की भी जांच होगी। किल कोरोना अभियान चलता रहेगा। कोविड केयर सेंटर भी खुले रहेंगे। सभी को कोरोना के अनुकूल व्यवहार करना होगा। मास्क लगा रहे और पर्याप्त शारीरिक दूरी बनी रहे। बार-बार हाथ धोएं। योग करें और पौष्टिक आहार लें। साथ ही यह भी संकल्प करें कि संक्रमण बढ़ाने वाले कोई काम नहीं करेंगे। आपदा प्रबंधन समूह, गैर सरकारी संगठन और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता इस काम को देखें।

**फिर से लाकडाउन का खतरा नहीं उठा सकते:** मुख्यमंत्री ने कहा कि टीका को लेकर भ्रम फैलाने वाले समाज के दुश्मन हैं। अक्टूबर में कभी भी तीसरी लहर आ सकती है। हमें जान भी बचाना है और जहान भी चलाना है। फिर से लाकडाउन का खतरा नहीं उठा सकते हैं इसलिए कड़ाई भी होगी और दवाई भी देंगे। दुनिया चलती रहे, यह भी सुनिश्चित करना होगा। मध्य प्रदेश में कारोबार ठप या गतिविधियों पर प्रतिबंध जैसे दिन अब नहीं आने देंगे।

### जून में ही 50 लाख से ज्यादा टीके लगवाने की कोशिश



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश यह है कि जून में 50 लाख से ज्यादा टीके लग जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब टीकाकरण की कमान अपने हाथ में ले ली है। टीके मिलने भी शुरू हो गए हैं। इस समय मेरी सबसे बड़ी चिंता जनता की जिंदगी को सुरक्षित करने की है। अब हम वो स्थिति नहीं चाहते हैं कि अफरा-तफरी मचे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, सामाजिक और गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, आपदा प्रबंधन समूह के सदस्य, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे निकलें और ऐसा वातावरण बनाएं कि लोग टीका लगवाएं। इससे बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनता को संबोधित किया। • फाइल फोटो

### भाजपा चलाएगी प्रत्येक बूथ पर टीकाकरणयुक्त अभियान

भोपाल। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि कोरोना से बचने के लिए प्रदेश में अधिक से अधिक टीकाकरण जरूरी है, क्योंकि जीवन बचाना है, तो टीकाकरण कराना है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ टीकाकरणयुक्त बने, इसके लिए अभियान चलाया है। प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए केंद्रों पर भाजपा के कार्यकर्ता हेल्प डेस्क लगाकर जनता की मदद करेंगे। अधिक से अधिक टीकाकरण हो, इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता जनता को जागरूक करने का काम करेंगे। उधर, टीकाकरण महाअभियान शुरू होने से पहले रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की जनता से आग्रह करते हुए कहा कि कोरोना का संकट अभी टला नहीं है। तीसरी लहर की आशंका है, इसके आने के पहले सुरक्षा के उपाय जरूरी हैं। टीका लगवाकर ही कोरोना से बचा जा सकता है। इसलिए सभी अधिक से अधिक संख्या में कोरोना के टीके लगवाएं और अन्य लोगों को टीके लगवाने के लिए प्रेरित करें। जीवन बचाना है, तो टीकाकरण कराना है। मीडिया से चर्चा में उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को निशुल्क टीका लगाने का फैसला करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

पत्रिका
महामारी से महामुकाबला

# समाज प्रमुखों ने कहा : समाज के साथ रतलाम को शत प्रतिशत वैक्सीन वाला शहर

**टीकाकरण का महाअभियान : समाजजनों ने कहा जागरूकता के साथ सभी को कराना होगा वैक्सीनेशन**

रतलाम. वैक्सीनेशन के लिए प्रशासन सोमवार से 10 दिनों तक महाअभियान शुरू करने जा रहा है। समाज के प्रबुद्ध जनों से चर्चा की तो सभी का कहना था समाज सुरक्षित रहेगा तो शहर सुरक्षित रहेगा। अभियान को सफल बनाने में पूरा सहयोग करेंगे। रतलाम को 100% वैक्सीनेशन वाला शहर बनाएंगे।

## शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जारी है शिविर



जैन समाज हमेशा से ही नवीनीकरण व समाजसेवा में अग्रणी रहा है। यही कारण है कि समाज ने पंचान ओसवाल बड़े साथ समाज के साथ मिल कर मोहन टॉकिज में वैक्सीनेशन शिविर चलाया जा रहा है। महाअभियान में समाजजनों को जागरूक कर समाज के लोगों का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराया जाएगा।

**महेंद्र गादिया**, प्रमुख, जैन हेल्प लाइन, रतलाम।

## वैक्सीनेशन में कोई न छूटे यह प्रयास



माहेश्वरी समाज शिक्षित समाज रहा है। यही कारण है समाज के 90 प्रतिशत लोगों ने वैक्सीन लगवा ली है। इसके लिए माहेश्वरी समाज मांगलिक भवन में लगातार शिविर जारी है। अभियान में समाज पूरी तरह से सहयोग करते हुए लोगों को जागरूक करेगा। हमारा प्रयास होगा कि समाज व शहर का एक भी व्यक्ति वैक्सीनेशन ने छूटे।

**शैलेंद्र डागा**, पूर्व महापौर एवं अध्यक्ष, माहेश्वरी समाज, रतलाम।

## कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन अनिवार्य है



इस्लाम में बीमारी के समय इलाज कराना व रोकथाम हेतु सावधानी रखना सुन्नत (पैगंबर मोहम्मद स स के अमल) हैं। इसलिए सभी लोगों को कोरोना से बचाव हेतु वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगवाना चाहिए । मैं व मेरे पूरे परिवार ने वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिए हैं। टीकाकरण के लिए शैरानीपुरा जमातखाने में शिविर सोमवार से शुरू होगा। समाजजन इसका लाभ लें।

**आसिफ काजी**, चीफ काजी, रतलाम।

## युवाओं व शेष लोगों को करेंगे जागरूक



कोरोना के बढ़ते प्रभाव एवं तीसरी लहर को रोकने के लिए शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करना होगा। सोशल डिस्टेंसिंग से समाज व देश सुरक्षित रह सकेंगा। अग्रवाल समाज सदैव नवाचार एवं लोगों को प्रेरित करने वाला रहा है। समाज में लगभग 65 प्रतिशत से अधिक लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। बाकी को भी जल्द दोनों डोज लग जाएंगे।

**नीलू अग्रवाल**, प्रदेश उपाध्यक्ष अग्रवाल युवा महासभा

## जागरूक कर शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराएंगे



कोरोना को हराने के लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाया गया है। संकट की बेला में वैक्सीनेशन ही एक मात्र हथियार है इसके लिए महाराष्ट्र समाज रतलाम सभी को जागरूक कर रहा है। 45 साल से अधिक के अधिकतर समाजजनों ने वैक्सीनेशन करा लिया है। वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर वैक्सीनेशन कराया जाएगा।

**मिलिंद करंदीकर**, पूर्व अध्यक्ष महाराष्ट्र समाज, रतलाम।

## टीका लगा... सुरक्षित क...

कोरोना से ... के लिए मा... सोशल डिस्टेंसिंग ... अलावा केवल वैक्सीनेशन ही स... प्रभावी विकल्प है ... वैक्सीनेशन के बा... किसी की मृत्यु क... से हुई यह समाचा... आया। इसलिए स... जल्दी से जल्दी वै... जीवन सुरक्षित क...

**पुष्पेन्द्र जोशी**, ... समाज रतलाम।

# शिकायतें पेंडिंग, सहा. आयुक्त, स्वास्थ्य अफसर, अकाउंटेंट समेत 12 को नोटिस

## 98 शिकायतें समय पर हल नहीं कीं, 24 घंटे में मांगा जवाब, वरना रुक जाएगी वेतनवृद्धि

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सीएम हेल्पलाइन में आई 98 शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं करने पर रविवार को नगर निगम के 12 अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई है। सभी को एक वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई करने का नोटिस जारी हुआ है। इसमें आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 24 घंटे में जवाब मांगा है। इनमें सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, लेखापाल विजय बालोद्रा, पांच इंजीनियर और अन्य शामिल हैं। मामला गंभीर इसलिए भी है क्योंकि 98 में से 47 शिकायतें 100 दिन से भी अधिक समय से पेंडिंग पड़ी हैं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को लेकर पहली बार एक साथ इतने निगमकर्मियों पर कार्रवाई हुई है।

**पिछड़ जाएंगे ग्रेडिंग में** - नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को लेकर हर माह की 20 तारीख बाद ग्रेडिंग जारी करता है। इसमें वह पिछले कई महीनों में प्रदेश में नंबर वन आ चुका है। इस बार शिकायतें ज्यादा पेंडिंग होने का असर ग्रेडिंग पर पड़ेगा। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को रिमाइंडर भेजे गए। बावजूद शिकायतें हल नहीं कीं।

### मंदिर के सामने कचरे का ढेर, वार्ड प्रभारी दिलीप खरे को हटाया

उधर वार्ड 9 स्थित त्रिलोक नगर स्थित हनुमान मंदिर के सामने कचरा व गंदगी का ढेर मिलने पर आयुक्त झारिया ने वार्ड प्रभारी दिलीप खरे को हटा दिया है। सफाई नहीं होने पर क्षेत्रीय रहवासियों ने मय फोटो के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को शिकायत की थी। उनके निर्देश पर आयुक्त ने वार्ड प्रभारी को हटाने के साथ कार्य से बर्खास्त करने का नोटिस देकर दो दिन में जवाब मांगा है। इसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई होगी।

### ये हैं पेंडिंग शिकायतें

- विकास मरकाम 23
- एमके जैन (प्रभारी अधिकारी) 14
- ज्योति सुनारिया (सहा. आयुक्त) 12
- सत्यप्रकाश आचार्य (सहायक यंत्री, जलप्रदाय) 16
- एपी सिंह, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी 6
- विराट मेहरा (जोन तीन प्रभारी) 5
- राजेश पाटीदार (उपयंत्री) 5
- विजय बालोद्रा (लेखापाल) 4
- दीक्षा निजामपुरकर (उपयंत्री) 4
- मनीष तिवारी (उपयंत्री) 3
- पर्वत हाड़े (जोन दो प्रभारी) 3
- अनिता ठाकुर (उपयंत्री) 3

# त्रिवेणी सड़क निर्माण की जांच के लिए समिति गठित

रतलाम। त्रिवेणी मुक्तिधाम गेट तक निर्माण के बाद पहली बारिश में ही सड़क खराब होने की शिकायत पर गुणवत्ता जांच के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दो सदस्यीय समिति गठित की है। कलेक्टर द्वारा गठित जांच समिति में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपेश गुप्ता तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री अनूप मिश्रा शामिल है। समिति सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की विस्तृत जांच करके अपना प्रतिवेदन सात दिन में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

# सड़क पर कचरा दरोगा को हटाया

सैलाना। वार्ड क्रमांक नौ में त्रिलोक

चला हस्ताक्षर अभियान

# पेटेंट फ्री वैक्सीन के संकल्प का अभियान शुरू किया युवाओं ने




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. स्वदेशी जागरण मंच की जिला इकाई ने पेटेंट मुक्त वैक्सीन के लिए अभियान शुरू किया है। अभियान का उद्देश्य है कि भारत की वैक्सीन के साथ ही दुनिया की वैक्सीन का कोई देश पेटेंट नहीं कराए और जनता को आसानी से यह वैक्सीन उपलब्ध हो सके।

विश्व जागृति दिवस पर चलाए गए पेटेंट फ्री वैक्सीन संकल्प आयोजन किया गया। जिला संयोजक स्वतंत्र पाल सिंह देवड़ा ने बताया कि 11मई से चल रहे यूनिवर्सल एक्सेस टू वैक्सीन एंड मेडिसिन डिजिटल हस्ताक्षर अभियान में 14 लाख से भी अधिक लोग जुड़ गए हैं। देवड़ा ने बताया कि इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए मंच ने 20 जून को वैश्विक स्तर पर जागृति दिवस मनाने का संकल्प लिया। विश्व के20 देशों में भी अभियान शुरू हुआ है। अभियान के तहत 130 कुलपति सहित 2200 उच्च शिक्षाविदों ने भी हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में मंच के विशाल सिंह चावड़ा, विनोद यादव, महेश परमार, चेतन शर्मा, गोपाल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिंदगी की हिफाजत के लिए जरूरी है वैक्सीन, आज से महाअभियान

## सुरक्षा कवच : जिले में जगह-जगह रैली निकालकर टीकाकरण के लिए किया जागरूक, प्रशासन और विभाग ने भी तैयारियों को दिया अंतिम रूप

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में आज से कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान अभियान शुरू होगा। रविवार को दिन भर वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्य वैक्सीनेशन के लिए लोगों से संपर्क करते रहे। शहर में 160 केंद्रों पर पहले दिन 17000 हजार लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हर वार्ड में केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा रतलाम ग्रामीण में 5 हजार 500, सैलाना में 3200, बाजना में 1800, आलोट में 5000 तथा जावरा व पिपलोदा में संयुक्त रूप से 8000 टीके लगाए जाएंगे।

अभियान के सघन प्रचार-प्रसार के तहत स्कूली बच्चे वैक्सीनेशन दूत का कार्य करेंगे। वे अपने परिवारजनों को संदेश के माध्यम से वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा अन्य विविध गतिविधियां जनजागरूकता के लिए आयोजित की जाएंगी। वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट रहेंगे। घर-घर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रण पत्रों का वितरण होगा।



सैलाना में निकली पैदल रैली में शामिल बालिका वालेंटियर के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी। • नईदुनिया



धामनोद में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र देती हुई कर्मचारी। • नईदुनिया

### आनलाइन बुकिंग आवश्यक नहीं

अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को टीकाकरण के लिए आनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक नहीं है, केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाली आइडी के आधार पर सीधे टीकाकरण किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी प्रतिष्ठानों, दुकान मालिकों से आग्रह किया है कि उनके प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले कर्मचारियों को आधे दिवस का अवकाश दें ताकि वे अपना वैक्सीनेशन करवा सकें।

### नाश्ते के बाद ही टीका लगवाए

खाली पेट टीका नहीं लगवाएं। प्रत्येक व्यक्ति भोजन अथवा नाश्ता लेने के पश्चात ही टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीका लगवाए।

### बालिकाओं ने निकाली रैली

**सैलाना।** टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सोमवार से होगा। इसके पहले रविवार शाम को तहसीलदार कैलाश डामोर, सीएमओ जेपी गुप्ता, थाना प्रभारी शिवमंगलसिंह सेंगर, सब इंस्पेक्टर मनोज पाटीदार आदि की उपस्थिति में बालिका वालेंटियर ने नगर परिषद से पैदल रैली निकाली। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों होते हुए वापस नगर परिषद पहुंची। रैली में शामिल सभी अधिकारियों तथा बालिका वालेंटियर ने नगरवासियों से टीकाकरण कराने का आह्वान किया।

### रैली के बाद हुई बैठक

**नामली।** महा टीकाकरण अभियान को लेकर रविवार को अधिकारियों ने जागरूकता रैली निकाली। एसडीएम एमएल आर्य, तहसीलदार मुकेश सोनी, नप सीएमओ केशवसिंह सगर, पटवारी जितेंद्र कुमार अवस्थी आदि रैली में शामिल हुए। रैली के बाद अधिकारियों ने चंद लोगों को नगर परिषद सभाकक्ष में बुलाकर जागरूकता का संदेश दिया।

### कोताही नहीं बरतने की हिदायत


**करिया।** टीकाकरण महा अभियान



आलोट में रैली निकालकर लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया गया। • नईदुनिया



बाजना में रैली के माध्यम से जागरूक करते हुए अधिकारी-कर्मचारी। • नईदुनिया



बैठक के पश्चात पुलिस थाना परिसर आलोट से जन अभियान परिषद के सदस्यों की वाहन रैली के साथ क्राइसिस समिति के सदस्यों ने पैदल मार्च कर लोगों से वैक्सीन लगवाने की अपील की। वार्ड के पूर्व पार्षद व समिति सदस्य घर-घर जाकर टीकाकरण के लिए पीले चावल दे रहे हैं।

### घर-घर जाकर दिया आमंत्रण

**धामनोद।** कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे वैक्सीनेशन महाअभियान अंतर्गत नागरिकों को जागरूक करने के लिए एसडीएम एमएल आर्य एवं सीएमओ केएस सगर के नेतृत्व में वाहन रैली निकाली गई। इसमें नगर परिषद के पूर्व पार्षद, वार्ड वार आपदा प्रबंधन समूह के पदाधिकारी, नगर के...




### रैली निकालकर किया जागरूक

**बाजना।** ग्राम में टीकाकरण जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अमले ने गांव भ्रमण कर लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया...

**आज महाअभियान** • स्कूली बच्चों को बनाया वैक्सीनेशन दूत, जो करेंगे प्रेरित

# रतलाम जिले में 152 केंद्रों पर लगेगा टीका, कुछ स्थानों पर चाय-नाश्ते की भी व्यवस्था

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम में सोमवार से वैक्सीन का महाअभियान शुरू हो रहा है। ना स्लॉट बुकिंग होगी, ना कोई परेशानी... सीधे केंद्र पर जाना है और आपको वैक्सीन लग जाएगी। आधार कार्ड या कोई फोटो आईडी जरूर साथ ले जाएं, इससे आपका रजिस्ट्रेशन होगा।

जिले में 152 केंद्रों पर लोगों को लगाएंगे टीके, रतलाम शहर में 52 केंद्र रहेंगे। 18 साल से ज्यादा आयु का कोई भी टीका लगवा सकता है, आधार कार्ड साथ ले जाना होगा। पहले दिन रतलाम शहर में 17,000 टीके लगाए जाएंगे, रतलाम ग्रामीण में 5,500, सैलाना में 3200, बाजना में 1800, आलोट में 5,000 व जावरा व पिपलौदा में संयुक्त रूप से 8,000 टीके लगेंगे। महाअभियान के दौरान जिले के आलोट व ताल में 20 हजार, बाजना व सैलाना में 20 हजार, जावरा व पिपलौदा में 30 हजार, रतलाम ग्रामीण में 20 हजार व रतलाम शहर में 60 हजार टीके लगाए जाएंगे। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 1075 के माध्यम से प्रत्येक घंटे मॉनिटरिंग होगी, फोटो पोर्टल पर अपलोड होंगी। वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी पॉइंट रहेंगे। घर-घर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रण पत्रों का वितरण भी किया जाएगा। स्कूली बच्चों को वैक्सीनेशन दूत बनाया है, वे अपने परिवारजनों को संदेश के माध्यम से वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करेंगे।

## भास्कर गाइड

**Q. वैक्सीन सेंटर पर मैं कब जा सकता हूं?**
A. सुबह 8 बजे से वैक्सीन लगेगी। केंद्र पर जब तक हितग्राही रहेगा, तब तक वैक्सीन लगाई जाएगी।

**Q. मुझे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर ही वैक्सीन लगवाने जाना होगा क्या?**
A. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं और यदि नहीं हुआ तो केंद्र पर ही रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

**Q. क्या कोई दस्तावेज लेकर जाना जरूरी है?**
A. आधार कार्ड हो तो सबसे अच्छा, नहीं तो अन्य सरकारी दस्तावेज जैसे वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पेनकार्ड, पासपोर्ट, पेंशन पासबुक, बैंक पासबुक चलेंगे।

**Q. मैं कौन सी वैक्सीन लगवा सकता हूं?**
A. आपने पहला डोज जिस वैक्सीन का लगवाया होगा, उसी का दूसरा डोज लगेगा।

**Q. पहला डोज 70 दिन पहले लगा था, दूसरा लग जाएगा क्या?**
A. को-वैक्सीन का दूसरा डोज 28 दिन बाद लग सकता है। कोविशील्ड का डोज 84 दिन के बाद ही लगेगा। इसलिए आप अपने पहले डोज से दिनों की गणना कर लें, क्योंकि पोर्टल इससे पहले आपका नाम नहीं लेगा।

**Q. मुझे किस सेंटर पर वैक्सीन लगवाना है, इसकी जानकारी कैसे मिलेगी?**
A. जिले में 152 केंद्र बनाए हैं। केंद्र की जानकारी हो या वैक्सीन से जुड़ी अन्य बात जानना हो तो हेल्पलाइन नंबर 1075 है। एक कंट्रोल रूम भी बनाया है।

**टीका लगवाने आइए... आपका स्वागत है..!**



सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर केंद्र को टीकाकरण के लिए इस तरह सजाया गया।

शहर विधायक काश्यप की अपील

### टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाएं

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कोरोना की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा योग दिवस पर टीकाकरण के महाअभियान की शुरुआत हो रही है। वर्तमान परिस्थितियों में कोरोना से जीत को भविष्य में भी स्थायी रखने का एक ही उपाय टीकाकरण है।

### मंत्री-विधायकों के भी जबरदस्त ऑफर

- चिकित्सा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा- जो मोहल्ला 100% वैक्सीनेशन कराएगा, वहां 15 लाख रु. का विकास कार्य कराएंगे।
- हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा है कि ऐसी कॉलोनी-मोहल्ले में 5 लाख रु. अतिरिक्त विकास कार्य कराएंगे।
- गोविंदपुरा विधायक कृष्णा गौर ने बागमुगालिया के 16 एकड़ क्षेत्र में लग रहे कैंप में वैक्सीन लगवाने वालों को एक-एक छाता देने की घोषणा की है। यह भी कहा- जिस पंचायत के 100% रहवासी दोनों डोज लगवा लेंगे, उसे 10 लाख रु. निधि दी जाएगी।

रतलाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दुकानदारों से कहा है कि वैक्सीन लगवाने के लिए उनके यहां काम करने वाले कर्मचारियों को आधे दिन की छुट्टी दें। इतना ही नहीं ठेलागाड़ी पर फल, सब्जी व अन्य सामान बेचने वालों को सात दिन में अनिवार्य रूप से टीका लगवाना होगा। इसके बाद अफसर चेक करेंगे।

# समाज प्रमुखों ने कहा : समाज के साथ रतलाम को शत प्रतिशत वैक्सीन वाला शहर बनाएंगे

**टीकाकरण का महाअभियान : समाजजनों ने कहा जागरुकता के साथ सभी को कराना होगा वैक्सीनेशन**

## शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जारी है शिविर



जैन समाज हमेशा से ही नवीनीकरण व समाजसेवा में अग्रणी रहा है। यही कारण है कि समाज ने पंचान ओसवाल बड़े साथ समाज के साथ मिल कर मोहन टॉकिज में वैक्सीनेशन शिविर चलाया जा रहा है। महाअभियान में समाजजनों को जागरूक कर समाज के लोगों का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराया जाएगा।

**महेंद्र गांधिया**, प्रमुख, जैन हेल्प लाइन, रतलाम।

## वैक्सीनेशन में कोई न छूटे यह प्रयास



माहेश्वरी समाज शिक्षित समाज रहा है। यही कारण है समाज के 90 प्रतिशत लोगों ने वैक्सीन लगवा ली है। इसके लिए माहेश्वरी समाज मांगलिक भवन में लगातार शिविर जारी है। अभियान में समाज पूरी तरह से सहयोग करते हुए लोगों को जागरूक करेंगा। हमारा प्रयास होगा कि समाज व शहर का एक भी व्यक्ति वैक्सीनेशन ने छूटे।

**शैलेंद्र डागा**, पूर्व महापौर एवं अध्यक्ष, माहेश्वरी समाज, रतलाम।


## कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन अनिवार्य है



इस्लाम में बीमारी के समय इलाज कराना व रोकथाम हेतु सावधानी रखना सुन्नत (पैगंबर मोहम्मद स स के अमल) हैं। इसलिए सभी लोगों को कोरोना से बचाव हेतु वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगवाना चाहिए। मैं व मेरे पूरे परिवार ने वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिए हैं। टीकाकरण के लिए शैरानीपुरा जमातखाने में शिविर सोमवार से शुरू होगा। समाजजन इसका लाभ लें।

**आसिफ काजी**, चीफ काजी, रतलाम।

## युवाओं व शेष लोगों को करेंगे जागरूक



कोरोना के बढ़ते प्रभाव एवं तीसरी लहर को रोकने के लिए शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करना होगा। सोशल डिस्टेंसिंग से समाज व देश सुरक्षित रह सकेगा। अग्रवाल समाज सदैव नवाचार एवं लोगों को प्रेरित करने वाला रहा है। समाज में लगभग 65 प्रतिशत से अधिक लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। बाकी को भी जल्द दोनों डोज लग जाएंगे।

**नीलू अग्रवाल**, प्रदेश उपाध्यक्ष अग्रवाल युवा महासभा

## जागरूक कर शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराएंगे



कोरोना को हराने के लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाया गया है। संकट की बेला में वैक्सीनेशन ही एक मात्र हथियार है इसके लिए महाराष्ट्र समाज रतलाम सभी को जागरूक कर रहा है। 45 साल से अधिक के अधिकतर समाजजनों ने वैक्सीनेशन करा लिया है। वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर वैक्सीनेशन कराया जाएगा।

**मिलिंद करंदीकर**, पूर्व अध्यक्ष महाराष्ट्र समाज, रतलाम।

## टीका लगाकर जीवन सुरक्षित करें



कोरोना से बचाव के लिए मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग के अलावा केवल वैक्सीनेशन ही सबसे प्रभावी विकल्प है। वैक्सीनेशन के बाद किसी की मृत्यु कोरोना से हुई यह समाचार सुनने व पढ़ने में नहीं आया। इसलिए सभी से अनुरोध है कि जल्दी से जल्दी वैक्सीन लगवाकर अपना जीवन सुरक्षित करें।

**पुष्पेन्द्र जोशी**, संयोजक, सर्व ब्राह्मण समाज रतलाम।

# शाम होते ही जमकर बरसे बदरा



रतलाम. मानसून की दस्तक के बाद रतलाम में बारिश का दौर अब लगभग शुरू हो गया है। रविवार को दोपहर में हल्की धूप होने के बाद शाम को फिर आसमान में बादल छा गए और बरस पड़े। करीब आधे घंटे तक हुई तेज बारिश के चलते सड़कों पर पानी बाहर निकला और निचले क्षेत्रों में सड़क के जल मग्न नजर आई। बारिश के चलते शहर में चल रहे निर्माण कार्यों ने शहर की दशा बिगाड़ कर रख दी है। मुख्य बाजारों से लेकर गली मोहल्लों तक सड़कों पर कीचड़ पसरा नजर आ रहा है। शहर के दो बत्ती क्षेत्र में चल रहे सिटी फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान न्यू रोड तरफ जाने वाले मार्ग पर जाने के लिए निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा दोपहर में ही मोहर्रम डाली गई थी जिससे वाहनों की आवाजाही में परेशानी ना हो लेकिन खानापूर्ति करने के चलते शाम को हुई तेज बारिश में बह गई और लोगों को फिर से आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान की तैयारियां पूर्ण, कंट्रोलरूम से होगी निगरानी

रतलाम । जिले में 21 जून से प्रारंभ हो रहे कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। अभियान का शुभारम्भ जिले के 152 वैक्सीनेशन केन्द्रों

**▸ अभियान के दौरान 152 केंद्रों पर लगाए जाएंगे डेढ़ लाख टीके**

पर जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में उत्सवी माहोल में किया जाएगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इस महाअभियान में लगे अमले को निर्देशित किया है कि इस अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के अधिकाधिक व्यक्तियों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें। वैक्सीनेशन के लिए उन्हें समझाईश दें। वैक्सीनेशन बूथ तक आने के लिए उन्हें प्रेरित करें और अधिक से अधिक लोगों को कोरोना का वैक्सीनेशन करवाएं। उन्होंने वैक्सीनेशन के लिए निर्धारित बूथ पर सभी इंतजाम पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं टीकाकरण दिवस पर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 1075 के माध्यम से प्रत्येक घंटे में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी की जाएगी। समस्त प्रकार की गतिविधियों के फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

## वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट रहेंगे

अभियान के सघन प्रचार-प्रसार के तहत स्कूली बच्चे वैक्सीनेशन दूत का कार्य करेंगे। वे अपने परिवारजनों को संदेश के माध्यम से वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित करेंगे। इसके अलावा अन्य विविध गतिविधियां जनजागरूकता के लिए आयोजित की जाएगी। वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट रहेंगे। घर-घर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रण पत्रों का वितरण होगा।

## वार्डवार केन्द्रों पर होगा वैक्सीनेशन

जिले में कोरोना के विरुद्ध टीकाकरण महा अभियान के दौरान प्रतिदिन औसतन 150 सत्र आयोजित किए जाएंगे। पूरे जिले में 152 टीकाकरण केंद्र बनाए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 52 केंद्र रहेंगे, वार्डवार केंद्र बनाए गए हैं।

## प्रथम दिवस शहर में 17000 टीके लगाए जाएंगे

वैक्सीनेशन महा अभियान के प्रथम दिवस रतलाम शहर में 17000 टीके लगाए जाएंगे। इसके अलावा रतलाम ग्रामीण में 5 हजार 500, सैलाना में 3200, बाजना में 1800, आलोट में 5000 तथा जावरा व पिपलोदा में संयुक्त रूप से 8000 टीके लगाए जाएंगे।

## ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक नहीं

अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को कोविड-19 टीकाकरण के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक नहीं है, केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी के आधार पर सीधे टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण महाअभियान के दौरान जिले के आलोट तथा ताल में 20 हजार, बाजना तथा सैलाना में 20 हजार, जावरा तथा पिपलोदा में 30 हजार, रतलाम ग्रामीण में 20 हजार तथा रतलाम शहर में 60 हजार टीके लगाए जाएंगे।

## वैक्सीनेशन करवाने के लिए आधे दिवस अवकाश दें

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी प्रतिष्ठानों, दुकान मालिकों से आग्रह किया है कि उनके प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले वर्कर्स को आधे दिवस का अवकाश देवें ताकि वे अपना वैक्सीनेशन करवा सकें। वहीं बताया गया है कि खाली पेट टीका नहीं लगवाएं। प्रत्येक व्यक्ति भोजन अथवा नाश्ता लेने के पश्चात ही

## महाअभियान: प्रदेश में आज 7 हजार केन्द्रों पर लगेंगे टीके

# आएं आज करें टीका सहयोग

- 10 लाख नागरिकों को टीका लगाने का लक्ष्य
- मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसर होंगे मैदान में
- पहली बार शहर और जिलों की रैंकिंग होगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. कोरोना संक्रमण के सफाए के लिए राज्य में योग दिवस (सोमवार) से टीकाकरण का महाअभियान शुरू होगा। पहले दिन 10 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए पूरे प्रदेश में सात हजार केन्द्र बनाए हैं। 35 हजार अफसर-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इसके बाद 30 जून तक 50 लाख लोगों को वैक्सीन लगाने की तैयारी है। प्रत्येक केन्द्र पर पांच-पांच सदस्यीय दल होगा।

निगरानी के लिए 1500 जोनल और सेक्टर अधिकारियों को तैनात किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सभी मंत्री, अफसर और जनप्रतिनिधि समेत नामी हस्तियां मैदान में होंगी। मुख्यमंत्री दतिया में पीतांबरा पीठ के दर्शन के बाद परासरी गांव में टीकाकरण का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे भोपाल में अन्नानगर क्षेत्र के सेंटर पर भी जाएंगे। उधर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग व स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी ने बताया, टीकाकरण की मॉनीटरिंग के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। मंत्री सारंग ने कहा, अब वैक्सीनेशन के हिसाब से भी रैंकिंग दी जाएगी।



इंदौर. टीकाकरण केन्द्रों को इस तरह सजाया गया।

### पीले चावल से दिया निमंत्रण

टीकाकरण के लिए प्रेरित करने पीले चावल बांटे गए हैं। कई जिलों में डोंडी पिटवाकर टीकाकरण केंद्रों की जानकारी दी गई है। जन अभियान परिषद् के एक लाख वॉलंटियर लोगों को केंद्र तक लाने-ले-जाने की व्यवस्था करेंगे।



अनलॉक के बाद 6 से 8 हफ्ते के बीच तीसरी लहर आने की आशंका है। हमें कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करना है और वैक्सीन लगवाना है।

**शिवराज सिंह चौहान**, सीएम

| आधा लक्ष्य पूरा करेंगे चार बड़े शहर | | |
| --- | --- | --- |
| | इंदौर | 1.80 लाख |
| | भोपाल | 1.50 लाख |
| | जबलपुर | 60 हजार |
| | ग्वालियर | 60 हजार |

**19 लाख** डोज की अभी प्रदेश में उपलब्धता

**35 हजार** अधिकारी-कर्मचारियों को लगाया

**01 से 3 जुलाई** के बीच अलग जागरूकता अभियान

### टीकाकरण विस्तार से

**सुबह** 10 बजे से टीकाकरण, वहीं, भोपाल में 8.30 से

**टीका** लगवाने वाले हर व्यक्ति को तिलक लगाएंगे।

**टीका** लगवाने वालों की बाइट प्रचारित करेंगे।

### सवाल और उनके जवाब...

- **वैक्सीन लगवाने के लिए क्या दस्तावेज लगेंगे?**

आधार कार्ड अनिवार्य। अन्य पहचान पत्र रखें।

- **क्या किसी भी वैक्सीन सेंटर पर जा सकेंगे?**

हां, किसी भी सेंटर पर जा सकेंगे।

- **45 से ज्यादा उम्र है, तो क्या वैक्सीन लगेगा?**

हां, लग सकेगी।

- **अभियान कब तक रहेगा, बाद में भी लगेंगे?**

यह अभियान 7 दिन चलेगा।

- **कितनी बजे से कब तक टीका लगेगा?**

सुबह 10 से शाम 5 बजे तक।

- **क्या वैक्सीन के लिए स्लॉट बुकिंग होगी?**

नहीं, सेंटर पर ही स्पॉट रजिस्ट्रेशन होगा।

- **क्या वैक्सीन लगवाकर तुरंत घर जा सकेंगे?**

नहीं, 30 से 45 मिनट तक सेंटर पर निगरानी में रहना होगा।

**सुविधा:** दिव्यांग-बुजुर्गों को केन्द्र तक लाने के लिए परिवहन की व्यवस्था। प्रेरक शपथ दिलवाएंगे।

### टीका लगवाओ और इनाम पाओ

**टीकाकरण को बढ़ाने के लिए कहीं लकी ड्रॉ तो कहीं उपहार देने की तैयारी है।**

**भोपाल:** राजधानी में गुरुनानक मंडल और पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से टीका लगवाने वालों को लकी ड्रॉ के जरिए 1 लाख, 2 लाख, 3 लाख और 5 लाख का बीमा उपहार दिया जाएगा। वहीं, टीकाकरण कराने के बाद उसका मैसेज दिखाने पर अधिकांश रैस्टोरेंट में 15% तक छूट का ऐलान किया गया है। हर सेंटर पर रोज शाम को तीन लकी ड्रॉ खोले जाएंगे। इनमें तीन लोगों को 200-200 रुपए का मोबाइल रीचार्ज वाउचर दिया जाएगा।

**मुरैना:** रोटरी क्लब के मॉडल सेंटर पर आने वालों को लकी ड्रॉ के जरिए जूसर, इंडक्शन कुकर आदि उपहार दिए जाएंगे।

**उज्जैन:** जनपद के ग्राम डेंडिया व मेंढिया में टीका लगवाने वालों को कुकर, ओवन, टिफिन, घड़े और अन्य प्रकार के बर्तन लक्की ड्रॉ में खुलने पर दिए जाएंगे।

हरियाली

# फिर से लौटने लगी शहर के शास्त्रीनगर बगीचे में हरियाली



## समाजसेवियों की पहल रंग लाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ के चलते शास्त्रीनगर बगीचे को बंजर बना दिया गया था। इसमें लगे पौधे खत्म होते जा रहे थे। इसे फिर से हराभरा करने का जिम्मा क्षेत्र के समाजसेवियों ने उठाया और लगातार पौधे लगाए तो अब यह हराभरा होने लगा है। 10 जून 2020 से लेकर अब तक लगे पौधे काफी बड़े हो गए हैं। समाजसेवी द्वारका प्रसाद अग्रवाल, पर्यावरणविद खुशाल सिंह जी पुरोहित, जन अभियान परिषद के रत्नेश विजयवर्गीय, समाजसेवी कपिल व्यास, मनीष अग्रवाल, बिट्टू, महेश चौबे, विजय शर्मा आदि ने यह प्रयास किया था जो आज साकार होने लगा है।

**महाअभियान**: शहर में 52 केंद्र तो अंचल में 100 केंद्रों पर होगा टीकाकरण, चुनाव की तर्ज पर आमंत्रण पत्र बांटते नजर आए लोग

# आज टीकायोग : सेहत-जिंदगी का डोज, रखेगा निरोग

पत्रिका डे-स्पेशल मंडे मेगा स्टोरी


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. जिले में टीकाकरण के महा अभियान की सोमवार से शुरुआत होने जा रही है। इसके तहत प्रतिदिन औसतन 150 सत्र आयोजित किए जाएंगे। पूरे जिले में 152 टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं। शहर में 52 केंद्र वार्डवार बनाए गए हैं। अभियान के पहले दिन 30 डोज के साथ इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके बाद शेष दिवसों में 20 हजार डोस प्रतिदिन लगाए जाएंगे। अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राही को टीकाकरण के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक नहीं है। केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी के आधार पर सीधे टीकाकरण किया जाएगा।

अभियान को लेकर रविवार को दिनभर तैयारियों का दौर चलता रहा। जिले के सभी कोल्ड चेन सेंटर से विकासखंड से आई टीमें अपने हिस्से के टीके लेकर जाती नजर आई। हालांकि इतने बड़े अभियान का काम भी शांति पूर्ण तरीके से होता नजर आया। जिला अस्पताल में टीके लेने के लिए अन्य विकासखंडों से टीमें एक-एक करके आई और अपने वाहनों में टीके लेकर गई। वहीं दूसरी और अभियान को सफल बनाने एवं शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के उद्देश्य से रविवार को वार्ड 11 में क्रायसिस मेनेजमेंट ग्रुप संयोजक संतोष लालवानी के साथ ही प्रफुल




## यह व्यवस्था भी की

- घर-घर वैक्सीनेशन के लिए आमंत्रण पत्र वितरण।
- जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 1075 के माध्यम से प्रत्येक घंटे टीकाकरण की निगरानी।
- गतिविधियों के फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड होंगे।
- अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए स्कूली बच्चे बनेंगे वैक्सीनेशन दूत।
- वैक्सीनेशन केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट रहेंगे।

### रतलाम जिला

8 - तहसील
6 - ब्लॉक
16.55 - लाख जनसंख्या

## अब तक किया गया टीकाकरण

| | पहला डोज | | दूसरा डोज | |
|---|---|---|---|---|
| हितग्राही | लक्ष्य | टीके लगे | लक्ष्य | टीके लगे |
| एचसीडब्ल्यू | 8233 | 7636 | 7636 | 5567 |
| एफएल डब्ल्यू | 8748 | 8748 | 8748 | 5340 |
| 18 से 44 वर्ष | 717052 | 71566 | 71566 | 1706 |
| 45 से 60 वर्ष | 244387 | 77381 | 77381 | 9115 |
| 60 वर्ष से अधिक | 139473 | 51766 | 51766 | 16721 |
| **कुल** | **1117893** | **217097** | **217097** | **38449** |

## टीकाकरण की आज ऐसी रहेगी व्यवस्था

152 - कुल केंद्र
52 - केंद्र शहर में
100 - केंद्र ग्रामीण अंचल में
60 हजार - रतलाम शहर में
20 हजार -रतलाम ग्रामीण
30 हजार - जावरा तथा पिपलोदा
20 हजार - आलोट तथा ताल
20 हजार बाजना तथा सैलाना
1.50 लाख - कुल टीके
7 - दिनों तक चलेगा अभियान

**1117893** 18 प्लस के कुल हितग्राही
**217097** पहला डोज लगा
**19.42** प्रतिशत पहला डोज लगा
**217097** दूसरा डोज लक्ष्य
**38449** दूसरा डोज लगा
**17.71** प्रतिशत को दूसरा डोज लगा

## जनप्रतिनिधियों ने टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने को कहा

सांसद गुमानसिंह डामर ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को टीका लगवाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। देश में इन दिनों कोरोना के तीसरे दौर की चर्चा हो रही है, इसलिए एक कवच के रूप में टीकाकरण कराना आवश्यक है।

ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने समाज के प्रति जवाबदेही और अनुशासन के साथ जागरूकता का पालन करने से टीकाकरण के बाद कोरोना की तीसरी लहर में भी जीत हासिल होने का विश्वास जताया है।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने 21 जून को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शहरवासियों से कोरोना की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। विधायक काश्यप ने बताया कि योगदिवस पर टीकाकरण के महाअभियान की शुरूआत हो रही है। वर्तमान परिस्थितियों में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में कोरोना के दूसरे दौर को जीतकर आगे निकला है और इस जीत को भविष्य में भी स्थाई रखने का एक ही उपाय टीकाकरण है।

जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों से टीकाकरण महाअभियान को एक उत्सव के रूप में लेकर अधिक से अधिक टीका लगवाने के लिए कहा है। इधर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## वैक्सीनेशन पर एक नजर

| वैक्सीन | पहला डोज | दूसरा डोज | कुल |
|---|---|---|---|
| कोवीशिल्ड | 196052 | 29049 | 225101 |
| को वैक्सीन | 21045 | 9400 | 30445 |
| कुल | 217097 | 38449 | 255546 |



# कलेक्टर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो का निरिक्षण

## निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व तेजी से करने के निर्देश

रतलाम। मीनी स्मार्ट सिटी के तहत उकाला रोड सडक निर्माण कार्य करमदी सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट व पलसोडा स्थित सिटी ट्रांसपोर्ट स्थल का निरिक्षण कलेक्टर एवं प्रषासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुशोत्तम ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व निगम अधिकारियो के साथ कर आवष्यक दिशा निर्देष दिये।

कलेक्टर एवं प्रषासक श्री पुरुशोत्तम ने सर्वप्रथम मिनी स्मार्ट सिटी के तहत उकाला रोड सडक निर्माण कार्य का निरिक्षण कर संबंधित आर्यावत कंसट्रक्सन को निर्देषीत किया की सडक निर्माण कार्य 15 जुलाई पूर्ण किया जावे इसी के साथ पाईप लाईन आदि अन्य कार्य भी किये जावे ताकि भविश्य में सडक खुदाई कि जरुरत ना पडे इस दौरान उन्होने ठेकेदार को निर्देषीत किया की कार्य तीव्रगति से किया जाये तथा गुणवत्ता कां विषेश ध्यान दिया जाये तथा नागरिको को निर्माण के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो

कलेक्टर एवं प्रषासक श्री पुरुशोत्तम ने सीवरेज एस.टी.पी. प्लांट का निरिक्षण कर निर्देषीत किया की नगर के नागरिको को सीवरेज की समास्या से. मुक्ति दिलाने के लिए सीवरेज सीस्टम षीघ्र प्रारंभ किया जाये तथा प्लांट के षेश कार्य भी षीघ्र पुरे किये जाये इस अवसर पर टेचिंग ग्राउण्ड मे विकसित किये गये अटल उधान का निरिक्षण कर उधान में पौधारोपण किया जावे तथा सीमांकन किया जावे।

साथ ही नगर निगम कार्यालय कि वर्कषाप को पलसोडा स्थित सिटी टांसपोर्ट कि भुमि में स्थानांतरित किये जाने हेतु स्थल का निरिक्षण कर निर्देषीत किया कि स्थल पर मुरम चुरी डालकर समतलीकरण किया जाये षहर मे आवष्यक होने पर हटाये गये पेड के स्थान पर पांच गुना वृक्ष लगाने का प्रावधान है इसी के तहत केम्पस के अन्दर व बाहर वृक्ष लगाये जाये। वाहनो कि सुरक्षा हेतु भी किया जाये।

निरिक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री अभिशेक गेहलोत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया कार्यपालनयंत्री श्री सुरेषचन्द्र ब्यास सिटी इंजिनियर श्री जी.के.जायसवाल जल प्रभारी सत्यप्रकाष आर्चाय सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी श्री एम.के.जैन उपयंत्री राजेष पाटीदार ब्रजेष कुषवाह विकास मरकाम सिद्धार्थ सोनी आदि उपस्थित थे।